राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 631

20 दिसंबर, 2017 को उत्तर के लिए

बय्याराम में इस्पात संयंत्र की स्थापना किया जाना

631. श्री धर्मपुरी श्रीनिवासः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को तेलंगाना सरकार से तेलंगाना के बय्याराम में इस्पात संयंत्र की स्थापना में तेजी लाने का अनुरोध करते हुए कोई नया अनुरोध प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इसमें विलंब के क्या कारण हैं;

(घ) सरकार द्वारा इसकी स्थापना करने में आ रही बाधाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा कार्य को यथाशीघ्र पूरा करने की दिशा में उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क) से (ङ): आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 की तेरहवीं अनुसूची की शर्तों के अनुसार आंध्र प्रदेश के वाईएसआर कडपा जिले में एक एकीकृत इस्पात संयंत्र की स्थापना करने के लिए स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) द्वारा व्यवहार्यता जाँच की जानी थी। सेल द्वारा दिनांक 02.12.2014 को प्रस्तुत व्यवहार्यता रिपोर्ट के अनुसार इस्पात संयंत्र की स्थापना प्रथम दृष्ट्या वित्तीय दृष्टि से व्यवहार्य नहीं है।

बाद में, तेलंगाना में इस्पात संयंत्रों की स्थापना हेतु एक रोडमैप का सुझाव प्रदान करने के लिए दिनांक 19.10.2016 को एक कार्य बल गठित किया गया, जिसमें केन्द्रीय और संबंधित राज्य सरकारों, सेल, आरआईएनएल, एनएमडीसी लिमिटेड, मेकॉन लिमिटेड और एमएसटीसी लिमिटेड के प्रतिनिधि शामिल हैं।

******